सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

दिनांक 25.01.2025

अपराध नियंत्रण की दिशा में कार्य करते हुये इटावा पुलिस द्वारा 01 वाहन चोर को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से 01 एक्टिवा स्कूटी फर्जी नम्बर प्लेट लगी हुयी(दिल्ली से चोरी), 01 तमन्चा 315 बोर, 02 जिन्दा कारतूस 315 किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण इटावा के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी सैफई इटावा के कुशल नेतृत्व में थाना चौबिया पुलिस द्वारा गयी कार्यवाही।

घटना/ गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वाँछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में दिनांक 25.01.2025 को थाना चौबिया पुलिस द्वारा इटावा बेबर रोड पर संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि 01 व्यक्ति बीना की ओर से लोकपुरा होते हुये आ रहा है जिसके पास चोरी की स्कूटी एवं अवैध असलाह भी है। सूचना पर तत्काल थाना चौबिया पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये 01 स्कूटी सवार व्यक्ति को लोकपुरा रमायन तिराहे के पास से समय 07.12 बजे गिरफ्तार किया गया।

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये व्यक्ति से पुलिस टीम द्वारा नाम-पता पूछते हुये उसकी तलाशी ली गयी तो उसके कब्जे से 01 अवैध तमन्चा 315 बोर व 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये तथा स्कूटी के सम्बन्ध में जानकारी करने पर उसके द्वारा बताया गया कि यह स्कूटी मैंने दिल्ली के थाना गोविन्दपुरी क्षेत्रान्तर्गत चोरी की थी जिसके सम्बन्ध में जानकारी करने पर पाया गया कि उक्त स्कूटी की चोरी के सम्बन्ध में थाना गोविन्दपुरी पर **मु0अ0सं0 038435/2024 धारा 305(2) बीएनएस** पंजीकृत है।

उक्त गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चौबिया पर मु0अ0सं0 07/2025 धारा 318(4)/336(2)/317(2) बीएनएस व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. फहीम उर्फ ईदा पुत्र साहबुद्दीन निवासी बीना थाना चौबिया जनपद इटावा **उम्र 24 वर्ष।**

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 07/2025 धारा 318(4)/336(2)/317(2) बीएनएस व धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना चौबिया जनपद इटावा।

बरामदगीः-

1. 01 स्कूटी एक्टिवा **(दिल्ली से चोरी)**
2. 01 फर्जी नम्बर प्लेट **(स्कूटी पर लगी हुयी)**
3. 01 तमन्चा 315 बोर
4. 02 जिन्दा कारतूस 315 बोर।

पुलिस टीमः- उ0नि0 श्री बेचन कुमार सिंह थानाध्यक्ष चौबिया, उ0नि0 दर्शन सिंह, उ0नि0 मुकुन्द लाल यादव, का0 रवि कुमार, का0 अंकुर, का0 रवि पवार।